901

# 801(HF)

## 2018

## हिन्दी

### केवल प्रश्नपत्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

1. क) निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : 1

   i) धर्मवीर भारती रीतिमुक्त काव्यधारा के प्रमुख कवि हैं ।

   ii) 'कुटज' डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदी का प्रसिद्ध निबन्ध है ।

   iii) 'उजली आग' यशपाल का निबन्ध-संग्रह है।

   iv) 'डॉ० नगेन्द्र' ख्यातिप्राप्त उपन्यासकार हैं ।

[ Turn over



Scanned with CamScanner

ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी **एक** कृति के लेखक का नाम लिखिए : 1

i) 'मकरंद बिन्दु'

ii) 'चतुर चंचला'

iii) 'राज्यश्री'

iv) 'रसवन्ती' ।

ग) 'सुल्ताना' के उपन्यासकार का नाम लिखिए । 1

घ) किसी एक रिपोर्ताज लेखक का नाम लिखिए । 1

ङ) 'मतवाला' पत्रिका के सम्पादक का नाम लिखिए । 1

2\. क) प्रयोगवादी काव्यधारा के किन्हीं **दो** कवियों के नाम लिखिए । 1 + 1

ख) द्विवेदी युग की कविता की **दो** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 1 + 1

ग) डॉ० रामकुमार वर्मा की एक रचना का नाम लिखिए । 1

Scanned with CamScanner

3. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी **एक** के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 2

क) हमलोग कच्ची मिट्टी की मूर्ति के समान रहते हैं, जिसे जो जिस रूप का चाहे उस रूप का करें - चाहे राक्षस बनावें, चाहे देवता । ऐसे लोगों का साथ करना हमारे लिए बुरा है जो हमसे अधिक दृढ़ संकल्प के हैं; क्योंकि हमें उनकी हर एक बात बिना विरोध के मान लेनी पड़ती है । पर ऐसे लोगों का साथ करना और बुरा है, जो हमारी ही बात को ऊपर रखते हैं; क्योंकि ऐसी दशा में न तो हमारे ऊपर कोई दबाव है और न हमारे लिए कोई सहारा रहता है ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) कैसे लोगों का साथ करना बुरा है ?

ख) दुनिया के सभी भागों में स्त्री-पुरुष और बच्चे रेडियो से कान सटाए बैठे थे, जिनके पास टेलीविजन थे, वे उसके पर्दे पर आँखें गड़ाए थे । मानवता के सम्पूर्ण इतिहास की सर्वाधिक रोमांचक घटना के एक क्षण के वे भागीदार बन

[ Turn over



Scanned with CamScanner

रहे थे – उत्सुकता और कुतूहल के कारण अपने अस्तित्व से बिल्कुल बेखबर हो गये थे ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) रोमांचक घटना के भागीदार कौन बन रहे थे ?

4. निम्नांकित पद्यांशों में से किसी एक की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए और उसका काव्यगत सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 1 + 4 + 1

क) सीस जटा, उर बाहु बिसाल, बिलोचन लाल, तिरीछी सी भौंहें ।
तून सरासन बान धरे, तुलसी बन-मारग में सुठि सोहैं ।।
सादर बार हि बार सुभाय चितै, तुम त्यों हमरे मन मोहैं ।
पूछति ग्राम वधू सिय सों कहो साँवरे से सखि रावरे कोहैं ।

Scanned with CamScanner

ख) "निर्भय स्वागत करो मृत्यु का,

मृत्यु एक है विश्राम स्थल ।

जीव जहाँ से फिर चलता है,

धारण कर नव जीवन-संबल ।।

मृत्यु एक सरिता है, जिसमें,

श्रम से कातर जीव नहाकर ।।

फिर नूतन धारण करता है,

काया-रूपी वस्त्र बहाकर ।।"

5. क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : 2 + 1

i) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

ii) जय प्रकाश भारती

iii) जयशंकर प्रसाद ।

ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : 2 + 1

i) सुभद्रा कुमारी चौहान

ii) सुमित्रा नन्दन पन्त

iii) बिहारी लाल ।



Scanned with CamScanner

6. निम्नलिखित का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1 + 3

इमानि यन्त्राणि अत्र केवलम् इदं विज्ञापयितुं प्रचलन्ति यद् अन्यस्य कस्यचित् लोकस्य मानवः इदं तथ्यं जानीयात् अस्माकं सन्देशं च गृह्णीयात् । अचिरमेव इदं सर्वं स्वयमेव विनङ्क्ष्यति ।" एवं विज्ञाप्य सः ध्वनिः सहसा विरतः तत्र कोऽपि महान् घर्घरनादः च उत्थितः । अहमपि भूमौ अपतम् । तदा मया ज्ञातं यद् अहम् एकं विचित्रं स्वप्नम् अपश्यम् ।

**अथवा**

"धान्यानामुत्तमं दाक्ष्यं धनानामुत्तमं श्रुतम् ।
लाभानां श्रेयमारोग्यं आरोग्यं सुखानां तुष्टिरुत्तमा ।"

7. क) अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो । 2

ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 1 + 1

i) कुत्र मरणं मंगलं भवति ?

ii) 'भारतम् एकम् राष्ट्रम् इति' कस्य उक्तिः ?

iii) विश्वस्य स्रष्टा कः ?

iv) सः पर्यटकः अन्तरिक्षं केन यानेन अगच्छत् ?



Scanned with CamScanner

8\. क) करुण रस **अथवा** हास्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । 2

ख) उपमा **अथवा** रूपक अलंकार की परिभाषा एवं उसका उदाहरण लिखिए । 2

ग) रोला **अथवा** सोरठा छन्द का लक्षण एवं उदाहरण दीजिए । 2

9\. क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं **तीन** के मेल से एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1 + 1

i) कु

ii) बे

iii) प्र

iv) वि

v) उप

vi) अभि ।

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रत्ययों का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1

i) आनी

ii) आकू

iii) वान्

iv) त्व ।

Scanned with CamScanner

ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए : 1 + 1

i) स्वर्ण-कलश

ii) मीनाक्षी

iii) शताब्दी

iv) यशोधन ।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के तत्सम रूप लिखिए : 1 + 1

i) नारियल

ii) अमिय

iii) पोथी

iv) मूस ।

ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1 + 1

i) कोयल

ii) वज्र

iii) कपड़ा

iv) अतिथि

v) वानर ।

Scanned with CamScanner

10\. क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में सन्धि कीजिए और सन्धि का नाम लिखिए : 1 + 1

i) पित्रादेशः

ii) नारी + उपदेशः

iii) उष्ण + ओदनम्

iv) दधि + आनय ।

ख) निम्नलिखित शब्दों के रूप षष्ठी विभक्ति, बहुवचन में लिखिए : 1 + 1

i) फल **अथवा** मति

ii) अस्मद् **अथवा** तद् (पुल्लिंग) ।

ग) निम्नलिखित में से किसी **एक** की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए : 2

i) हसावः

ii) पश्यानि

iii) पठेः ।

Scanned with CamScanner

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : 1 + 1

i) भिक्षुकों को दान दो ।

ii) वे दोनों पाठशाला गये ।

iii) मेरे मित्र ने चलचित्र देखा ।

iv) हम सब भारत के नागरिक हैं ।

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 6

i) सब पढ़ें सब बढ़ें

ii) शिक्षा में दर्शन का महत्व

iii) शिक्षा का व्यवसायीकरण

iv) जल ही जीवन है ।

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए : 3

क) i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग का सारांश लिखिए ।

ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर सुभाष चन्द्र बोस का चरित्रांकन कीजिए ।

ख)

ग)

घ



Scanned with CamScanner

ख) i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर नवम सर्ग का वर्णन कीजिए ।

ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर 'मेघ-नाद-प्रतिज्ञा' का वर्णन कीजिए ।

ग) i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग 'राजभवन' में वर्णित घटनाओं पर प्रकाश डालिए ।

ii) 'कर्मवीर भरत' के पंचम सर्ग 'वनगमन' का सारांश लिखिए ।

घ) i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के नायक गाँधी जी का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के प्रतिपाद्य विषय (उद्देश्य) को समझाइए ।

ङ) i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के 'चिन्ता' पंचम सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के 'लक्ष्मी' (द्वितीय) सर्ग का सारांश लिखिए ।



Scanned with CamScanner

च) i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य में व्यक्त राष्ट्रीय भावना पर प्रकाश डालिए ।

छ) i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग (संकल्प) का सारांश लिखिए ।

ii) " 'चन्द्रशेखर आजाद' उत्कृष्ट देश प्रेमी थे ।" खण्डकाव्य के आधार पर पुष्टि कीजिए ।

ज) i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर 'कर्ण' द्वारा 'कवच-कुन्डल दान' का वर्णन कीजिए ।

ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के पंचम सर्ग की कथा संक्षेप में लिखिए ।

झ) i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर राजसूय-यज्ञ का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर जरासन्ध वध का वर्णन कीजिए ।

Scanned with CamScanner